इस्लामी स्रोत: क़ुरआन और सुन्नत (2 का भाग 2)

रेटिंग:

विविरण: ` ^ ~ ~ ` ~ . ~ (` . ~ ~ , `) ~ . ` . ~ ` ~ ~ ~ . ~ 2 : . ` . ` : . ^ ~ ~ ` . ~ ~ .

श्रेणी: लेख इस्लाम की मान्यताएं इस्लाम क्या है

द्वारा: islaam.net

पर प्रकाशित: 04 Nov 2021

अंतिम बार संशोधित: 04 Nov 2021

सुन्नत

सुन्नत शब्द, मूल शब्द सन्ना से आया है, जिसका अर्थ है मार्ग प्रशस्त करना या मार्ग को आसानी से चलने योग्य बनाना, जैसे कि यह बाद में सभी द्वारा सामान्य रूप से अनुसरण किया जाने वाला मार्ग बन जाता है। इस प्रकार सुन्नत का उपयोग उस सड़क या पथ का वर्णन करने के लिए किया जा सकता है जिस पर लोग, जानवर और कारें चलती है। इसके अलावा, यह पैगंबर के तरीके पर लागू हो सकता है, यानि वह कानून जो उन्होंने दैवीय रूप से प्रकट की गई पुस्तक के स्पष्टीकरण या और अधिक स्पष्टीकरण के रूप में लाया और सिखाया था। आमतौर पर, पैगंबर का तरीका उसके कथनों, कार्यों, शारीरिक विशेषताओं और चरित्र लक्षणों के संदर्भ शामिल होते हैं।

इस्लामी दृष्टकोण से, सुन्नत पैगंबर मुहम्मद (ईश्वर की दया और कृपा उन पर बनी रहे) के बारे में बताई गई या संबंधित किसी भी चीज़ को संदर्भित करता है, जो उनके भाषण, कार्यों, लक्षणों और मौन अनुमोदन के बारे में उनके लिए प्रामाणिक रूप से बताया गया था।

प्रत्येक कथन दो भागों से बना है: *??????* और *???? ??????* उन लोगों के एक समूह को संदर्भित करता है, जिन्होंने एक विशेष कथन सुनाया। कथन का वास्तविक पाठ *???* है। *??????* में ईमानदार व्यक्ति शामिल होने चाहिए जिनकी सत्यनिष्ठा निर्विवाद है।

पैगंबर मुहम्मद का भाषण

पैगंबर मुहम्मद का भाषण उनकी बातों को संदर्भित करता है। उदाहरण के लिए, उन्होंने कहा:

"कार्यों को उनके इरादों से आंका जाता है; सभी को उसके इरादे के अनुसार पुरस्कृत किया जाएगा। तो जो कोई भी ईश्वर और उसके पैगंबर की खातिर पलायन करता है, तो उसका प्रवास ईश्वर और उसके पैगंबर की खातिर पलायन के रूप में देखा जाएगा। इसके विपरीत, जो केवल कुछ सांसारिक प्राप्त करने के लिए या किसी महिला से शादी करने के लिए पलायन करता है, तो उसका प्रवास उसके लायक ही होगा जो उसने इरादा किया था।" ***(???? ?? ??????)***

पैगंबर ने यह भी कहा:

"जो कोई ईश्वर और अंतिम दिन में विश्वास करता है, उसे अच्छा कहना चाहिए या चुप रहना चाहिए।"

उपरोक्त दो विवरण स्पष्ट रूप से दिखाते हैं कि पैगंबर ने ये शब्द कहे थे। नतीजतन, इन्हें उनके भाषण के रूप में जाना जाता है।

पैगंबर मुहम्मद के कार्य

पैगंबर के कार्य उनके द्वारा किए गए किसी भी काम से संबंधित हैं, जैसा कि सहाबा (साथियों) द्वारा प्रामाणिक रूप से दर्ज किया गया था। मिसाल के तौर पर, हुदैफा ने बताया कि जब भी पैगंबर रात में उठते थे, तो वह अपने दांतों को टूथ-स्टिक से साफ करते थे। साथ ही आयशा ने बताया कि पैगंबर को दाहिनी ओर से शुरू होने वाला सब कुछ करना पसंद था - जैसे:-जूते पहनना, चलना, खुद को साफ करना और आमतौर पर अपने सभी मामलों में।

पैगंबर मुहम्मद की मौन स्वीकृति

विभिन्न मुद्दों पर उनकी मौन स्वीकृति का अर्थ था कि उन्होंने अपने साथियों के कार्यों या कथनों के बारे में जो देखा, सुना या जाना, उसका विरोध या मनन नहीं किया। उदाहरण के लिए, एक अवसर पर पैगंबर ने अन्य साथियों से अपने कुछ साथियों के कार्यों के बारे में सीखा। खंदक की लड़ाई के तुरंत बाद, पैगंबर मुहम्मद ने साथियों को आदेश दिया कि वे बानू कुरैदा के कबीले की ओर जाने मे जल्दी करें, ताकि शायद उन्हें वहां असर (मध्य दोपहर की प्रार्थना) की प्रार्थना सही समय पर करने का मौका मिल सके। पैगंबर के कुछ साथियों ने तुरंत यह किया और अस्र की प्रार्थना किए बिना चले गए। वे सूर्यास्त के बाद पहुंचे, शिविर लगाया और सूर्यास्त के बाद अस्र की प्रार्थना की। उसी समय,

साथियों के एक अन्य समूह ने अपना निर्णय अलग ढंग से लिया। उन्होंने सोंचा कि पैगंबर उन्हें केवल अपने गंतव्य की ओर जल्दी करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे थे, न कि सूर्यास्त के बाद अस्र की प्रार्थना विलंब करने के लिए। नतीजतन, उन्होंने मदीना में रहने का फैसला किया जब तक कि वे असर की नमाज़ अदा नहीं कर लेते। इसके तुरंत बाद, वे बानू कुरैदाह के कबीले की ओर तेजी से बढ़े। जब पैगंबर को बताया गया कि कैसे प्रत्येक समूह ने उनकी घोषणा पर अलग-अलग प्रतिक्रिया दी, तो उन्होंने दोनों निर्णयों की पुष्टि की।

पैगंबर मुहम्मद के शारीरिक और नैतिक लक्षण

पैगंबर के रंग और उनकी बाकी शारीरिक विशेषताओं के बारे में प्रामाणिक रूप से बताई गई हर चीज सुन्नत की परिभाषा में शामिल है। उम्म माबाद ने बताया कि उसने महान पैगंबर के बारे में क्या देखा। उसने कहा:

"मैंने एक आदमी को देखा, उनका चेहरा एक चमकदार चमक के साथ चमक रहा था, न बहुत पतला था न बहुत मोटा, सुरुचिपूर्ण और सुंदर था। लंबी पलकों के साथ उनकी आँखों में गहरा काला रंग था। उनकी आवाज मधुर थी और उनकी गर्दन लंबी थी। उनकी मोटी दाढ़ी थी। उनकी लंबी काली भौहें खूबसूरती से धनुषाकार और एक दूसरे से जुड़ी हुई थीं। मौन में, वह अत्यंत विस्मय और सम्मान का आदेश देते हुए गरिमापूर्ण बने रहे। जब वे बोलते थे तो उनका भाषण शानदार होता था। दूर से आने पर भी सभी लोगों में वह सबसे सुंदर और सबसे सुखद दिखते थे। व्यक्तिगत रूप से, वह अद्वितीय और सबसे प्रशंसनीय थे। वाक्पटु तर्क के साथ, उनका भाषण मध्यम था। उनके तार्किक तर्क अच्छी तरह से व्यवस्थित थे जैसे कि वे रत्नों की एक डोरी हों। वह बहुत लंबे या बहुत छोटे नही थे, लेकिन ठीक बीच के कद के थे। तीन में से वह सबसे अधिक दीप्तिमान और सबसे जीवंत दिखाई दिए। उनके साथी थे, जो उन्हें प्यार से सम्मान देते थे। जब वह बोलते थे, तो वे उनकी बात ध्यान से सुनते थे। जब वो आदेश देते, तो उनके साथी उस पर अमल करने के लिए तत्पर रहते थे। वे उनकी रखवाली करते हुए उनको चारों ओर से घेर लेते थे। उन्होंने कभी मुंह नहीं मोड़ा और न ही फालतू की बात की।" (हकिम)

उनके साथियों ने उनकी शारीरिक विशेषताओं के साथ-साथ लोगों के साथ उनकी आदतों और व्यवहार का भी वर्णन किया। एक बार अनस ने बताया:

"मैंने अल्लाह के पैगंबर (उन पर शांति हो) की दस साल तक सेवा की। उस दौरान अगर मैंने कुछ गलत किया तो उन्होंने मुझसे एक बार भी 'ऊफ' तक नहीं कहा। अगर मै कुछ करने में असफल रहता था, तो उन्होंने मुझसे कभी नहीं पूछा कि 'तुमने क्यों नहीं किया?,' और अगर मै कुछ गलत करता था तो उन्होंने मुझसे कभी नहीं कहा कि 'तुमने ऐसा क्यों किया?"

ऊपरी तौर पर हम स्पष्ट रूप से देख सकते हैं कि जब सुन्नत शब्द पैगंबर मुहम्मद के संदर्भ में एक सामान्य संदर्भ में आता है, तो इसमें पैगंबर के बारे में जो कुछ भी बताया गया है और प्रामाणिक है शामिल होता है। एक बार जब एक मुसलमान किसी भी कथन की प्रामाणिकता के बारे में जान जाता है, तो वह उसके अनुसार पालन करने और उसका पालन करने के लिए बाध्य होता है। ऐसी आज्ञाकारिता ईश्वर द्वारा अनिवार्य है जैसा कि ईश्वर घोषणा करता है:

"...और ईश्वर और उसके पैगंबर की आज्ञा का पालन करो और जब वह बोलता है तो तुम सुनो, उससे मुंह न मोड़ो। " (क़ुरआन 8:20)

कभी-कभी कुछ मुसलमान हैरान हो जाते हैं, जब लोग कहते हैं कि सुन्नत केवल अनुशंसित है और अनिवार्य नहीं है। इस प्रकार वे निष्कर्ष निकालते हैं कि हमें केवल क़ुरआन का पालन करने की आवश्यकता है, सुन्नत की नहीं। इस तरह का तर्क घोर गलतफहमी का परिणाम है। इस्लामी न्यायशास्त्र के विद्वान सुन्नत शब्द का उपयोग यह बताने के लिए करते हैं कि यह पैगंबर मुहम्मद के प्रामाणिक कार्य है, जिन्हें ईश्वर द्वारा अनिवार्य नहीं बनाया गया था।

वे आगे मानते हैं कि इसमें पैगंबर मुहम्मद की कोई भी कहावत शामिल है जहां वह मुसलमानों को एक विशेष कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं और इस तरह के विशेष कार्य करने वालों की प्रशंसा करते हैं। इस प्रकार उनके अनुसार, सुन्नत शब्द का अर्थ "अनुशंसित" है और अनिवार्य नहीं है (फ़र्ज़ या वाजिब)।

ऊपरी तौर पर हम स्पष्ट रूप से देख सकते हैं कि सुन्नत शब्द का अर्थ अलग-अलग इस्लामी विषयों द्वारा उपयोग किए जाने पर अलग-अलग होता है।

इस लेख का वेब पता:

https://www.islamreligion.com/hi/articles/4943

कॉपीराइट © 2006-2020 सभी अधिकार सुरक्षित हैं। © 2006 - 2023 IslamReligion.com. सभी अधिकार सुरक्षित हैं।